समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने प्रस्तुत किए दस्तावेज और जांच के लिए दिए सुझाव

भोपाल नवाब की संपत्तियों की जांच को लेकर ईओडब्ल्यू पहुंची शिकायत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल के तत्कालीन नवाब की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम द्वारा भोपाल में बेची गई संपत्तियों की जांच को लेकर समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू), भोपाल में अपने सुझाव और दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

अमिताभ अग्निहोत्री ने 3 जुलाई 2026 को महानिदेशक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई, मध्य प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग की थी। इसके आधार पर ईओडब्ल्यू भोपाल ने शिकायत दर्ज कर तथ्यों और साक्ष्यों के

संबंध में पूछताछ के लिए उन्हें 12 अगस्त को कार्यालय बुलाया था। अमिताभ अग्निहोत्री अपने अधिवक्ता प्रशांत पांडे के साथ ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे और लिखित में अपने तर्क एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए ज्ञापन का उल्लेख करते हुए बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शिकायत को पंजीबद्ध कर जांच के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधिकारी डीएस कोऑर्ड को भेजा गया है।

अमिताभ अग्निहोत्री ने ईओडब्ल्यू को दिए सुझाव में कस्टोडियन विभाग भारत सरकार, मुंबई के 21 दिसंबर 2021 के पत्र का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पत्र में भोपाल नवाब की संपत्तियों को शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज करने और संबंधित संपत्तियों की खरीद-बिक्री के लिए कस्टोडियन विभाग की अनुमति आवश्यक होने की बात कही गई थी।

उन्होंने ईओडब्ल्यू से इन पत्रों के आधार पर पिछले चार वर्षों में हुई कार्रवाई की जांच करने का सुझाव दिया। साथ ही भारत सरकार के तत्कालीन अधिकारी वीपी मेनन द्वारा 29 अप्रैल 1949 को हस्ताक्षरित भोपाल नवाब की व्यक्तिगत संपत्तियों से संबंधित नक्शे की मूल प्रति उपलब्ध कराने की मांग की है।

अमृत मिशन की धीमी प्रगति पर पांच संविदाकार ब्लैकलिस्ट

- भोपाल, देवास, सतना और पीथमपुर की परियोजनाओं में लापरवाही पर नगरीय प्रशासन की कार्रवाई
- अमृत मिशन के कार्यों में देरी पर सख्त हुआ नगरीय प्रशासन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अमृत मिशन के अंतर्गत धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं में अपेक्षित गति से काम नहीं होने पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने पांच संविदाकारों को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया है।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे की अध्यक्षता में गुरुवार को संचालनालय में संबंधित नगरीय निकायों और संविदाकारों की बैठक आयोजित की गई। इसमें जारी सूचना पत्रों, संविदाकारों के प्रतिवेदन और निकायों के अभिमत के आधार पर परियोजनावार समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद मेसर्स जयवरूदी इंफ्राकॉन प्रा. लि. और मेसर्स एल.सी. इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को नगर पालिक निगम भोपाल की अमृत 2.0 सीवरेज परियोजना के लिए ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मेसर्स दिनेशचंद्र आर. अग्रवाल इंफ्राकॉन प्रा. लि. को देवास, मेसर्स इनविराड प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को सतना और मेसर्स आर.एण्ड बी. इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. को पीथमपुर की परियोजनाओं के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अमृत मिशन की परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं। निर्धारित प्रगति के अनुरूप कार्य नहीं करने, अनावश्यक विलंब और अनुबंधीय दायित्वों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। ब्लैकलिस्ट अवधि में संबंधित फर्मों की नई निविदाएं, प्रस्ताव और बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। नगरीय निकायों को अनुबंध के अनुसार आगे की कार्रवाई कर शेष कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

साइबर ठगों ने पांच अलग-अलग घटनाओं को दिया अंजाम

ओटीपी लेकर व क्रेडिट कार्ड से 5.41 लाख की ठगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड डेटा हासिल करने, ओटीपी पूछने और सरकारी योजना के नाम पर मैसेज भेजकर पांच लोगों को अपना शिकार बनाया। इन वारदातों में ठगों ने कुल 5 लाख 41 हजार 828 रुपये की रकम ठग ली।

क्रेडिट कार्ड डेटा निकालने के नाम पर 36,999 उड़ाए

बजरिया थाना क्षेत्र के कासम कैंप, सिंकदरी सराय निवासी अब्दुल शाहिद को ठगों ने क्रेडिट कार्ड का डेटा निकालने के नाम पर अपने झांसे में लिया। आरोपियों ने उनसे संबंधित जानकारी हासिल की और उनके खाते से 36,999 रुपये निकाल लिए। ठगी का पता चलने के बाद अब्दुल शाहिद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

ओटीपी लेकर रामबहादुर से 74,104 रुपये की ठगी

चूनाभट्टी क्षेत्र में ही रामबहादुर यादव के साथ भी साइबर ठगी की वारदात सामने आई। अज्ञात आरोपी ने उनसे ओटीपी लिया और खाते से 74,104 रुपये की रकम निकाल ली। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

3.65 लाख की ठगी

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र के शाहपुरा ए-403 निवासी हेमंत को साइबर ठगों ने ओटीपी के जरिए निशाना बनाया। आरोपी ने उनसे ओटीपी हासिल किया और इसके बाद खाते से 3 लाख 65 हजार रुपये निकाल लिए।

राधेश्याम के खाते से 47 हजार उड़ाए

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र के शाहपुरा सी सेक्टर में रहने वाले राधेश्याम भी साइबर ठगी का शिकार हो गए। अज्ञात आरोपी ने ओटीपी हासिल कर उनके खाते से 47 हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

सरकारी योजना का मैसेज भेजकर 18,725 रुपये ठगे

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के मालीखेड़ी निवासी सुरेश कुमार को ठगों ने सरकारी योजना के नाम पर मैसेज भेजकर निशाना बनाया। मैसेज के झांसे में आने के बाद उनके साथ 18,725 रुपये की ठगी हो गई। शिकायत पर छोला मंदिर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने शुरू की जांच

एक ही दिन में सामने आए इन मामलों ने एक बार फिर साइबर ठगों के बढ़ते नेटवर्क को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस सभी मामलों में आरोपियों की पहचान और रकम के ट्रांजैक्शन की जानकारी जुटा रही है। पुलिस बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

हथकड़ी समेत बंदी फरार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के हमीदिया अस्पताल से गुरुवार सुबह एक बंदी पुलिस और जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। फरार बंदी की पहचान सोहेल खान, पिता वाहिद खान के रूप में हुई है। वह भोपाल सेंट्रल जेल में बंद था और मानसिक स्थिति संदिग्ध होने के कारण उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल के मनोचिकित्सा वार्ड में लाया गया था। घटना के बाद कोहेफिजा थाना पुलिस और जेल प्रशासन की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। सोहेल खान के खिलाफ टीटी नगर पुलिस ने बुधवार शाम धारा 151 के तहत निवारक कार्रवाई की थी। इसके बाद उसे सेंट्रल जेल भेजा गया। गुरुवार सुबह वार्ड में मरीजों की भीड़ और कतार के बीच सोहेल ने अचानक प्रहरी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद वह हथकड़ी पहने हुए ही वार्ड के दरवाजे तक पहुंचा और उसे बंद कर दिया।

तोमर ने किया 'कोहबर' पुस्तक का विमोचन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय लोक-संस्कृति, दाम्पत्य परंपरा और पारिवारिक संस्कारों पर आधारित पुस्तक 'कोहबर' का विमोचन मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक अनिल झा, वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक कृष्णमोहन झा और वरिष्ठ पत्रकार रिजवान अहमद सिद्दीकी सहित साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

पुस्तक 'कोहबर' में भारतीय विवाह परंपरा में निहित प्रेम, मर्यादा, संस्कार और पारिवारिक जीवन-दर्शन को प्रस्तुत किया गया है। लेखक ने कोहबर को केवल विवाह के बाद नवदंपती के कक्ष तक सीमित न मानते हुए भारतीय जीवन-दर्शन और सांस्कृतिक अवधारणा के रूप में समझाया है।

कृति में भगवान श्रीराम और माता सीता, भगवान शिव और माता पार्वती सहित कई पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से भारतीय परंपरा में प्रेम और दाम्पत्य मूल्यों को दर्शाया गया है। लेखक अनिल झा ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य लोक परंपराओं के पीछे छिपे जीवन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। नरेंद्र सिंह तोमर ने 'कोहबर' को भारतीय संस्कृति और पारिवारिक संस्कारों से जुड़ी महत्वपूर्ण कृति बताते हुए लेखक को शुभकामनाएं दीं।

कटारा हिल्स में निर्माणाधीन बिल्डिंग में उगाए गांजे के पौधे, पुलिस ने गिरफ्तार किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक निर्माणाधीन सोसाइटी की बिल्डिंग में चौकीदारी करने वाले शख्स ने उसी परिसर में गांजे के 12 पौधे उगा रखे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर छापा मारा गया, जहां पौधे बरामद हुए। थाना प्रभारी सुनील दुबे के अनुसार, आरोपी की पहचान कल्लू चौरसिया के रूप में हुई है। वह एक सोसाइटी की निर्माणाधीन इमारत में चौकीदारी का काम करता था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव का रहने वाला यह आरोपी गांजा पीने का आदी था। अपनी आदत के चलते उसने बिल्डिंग परिसर में ही गांजे के पौधे उगा लिए थे और उनकी देखभाल भी करता था। उसे उम्मीद थी कि किसी को पता नहीं चलेगा, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना मिल गई।

सूचना मिलते ही कटारा हिल्स थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। निर्माणाधीन इमारत के परिसर से गांजे के कुल 12 पौधे बरामद किए गए। पुलिस ने पौधों को जब्त कर नियमानुसार नष्ट कर दिया। आरोपी कल्लू चौरसिया के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर शैलेन्द्र सिंह चौहान ने भी मामले की पुष्टि की। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी ने गांजे के बीज कहां से हासिल किए थे।

हरितालिका तीज एवं ऋषि पंचमी का 25वां सामूहिक उद्यापन 14 सितंबर को

नप्र, भोपालः श्री नर्मदा सेवा समाज द्वारा हरितालिका तीज एवं ऋषि पंचमी व्रत का 25वां सामूहिक उद्यापन समारोह 14 सितंबर, सोमवार को मां नर्मदा मंदिर एवं सांस्कृतिक भवन, तुलसी नगर में आयोजित किया जाएगा। समाज द्वारा जवाहर बाल भवन के पास स्थित मां नर्मदा मंदिर में पिछले 24 वर्षों से हरितालिका तीज का सामूहिक उद्यापन कराया जा रहा है। इस दौरान हजारों महिलाओं ने वैदिक रीति-रिवाज के साथ सुविधा पूर्वक अपने तीजा व्रत का उद्यापन पूर्ण किया है। श्री नर्मदा सेवा समाज के अध्यक्ष सुशील बिल्लौरे ने बताया कि इस वर्ष 25वें सामूहिक उद्यापन का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में माता-बहनें शामिल होंगी। उद्यापन के लिए आवश्यक पूजन सामग्री मां नर्मदा मंदिर में ही उपलब्ध रहेगी। आचार्य पं. वल्लभानंद शुक्ल के आचार्यत्व में हरितालिका तीज एवं ऋषि पंचमी व्रत का उद्यापन पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा।

झमाझम बारिश के बीच सड़क निर्माण, गुणवत्ता पर उठे सवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः झमाझम बारिश के बीच वार्ड 28 में सड़क निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बारिश के दौरान निर्माण कार्य जारी रहने पर स्थानीय लोगों ने इसे नगर निगम और ठेकेदार की खानापूर्ति बताया है। रहवासियों का कहना है कि बारिश रुकने और जमीन सूखने का इंतजार करने के बाद भी सड़क निर्माण किया जा सकता था, लेकिन इसके बावजूद काम जारी रखा गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क निर्माण के दौरान इस्तेमाल की गई सीमेंट बारिश के पानी के साथ बहती दिखाई दी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब निर्माण सामग्री ही पानी में बह गई तो सड़क की मजबूती और गुणवत्ता कितनी टिकाऊ होगी।

लोगों का यह भी कहना है कि निर्माण स्थल पर पॉलिथीन डालने से क्या सीमेंट को बहने से रोका जा सकता है? यदि बारिश के बीच इसी तरह निर्माण जारी रहा तो सड़क कितने दिन टिकेगी, यह आने वाले समय में उसकी गुणवत्ता से ही पता चलेगा।

रहवासियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि बारिश के दौरान निर्माण कार्य कराने की अनुमति किस आधार पर दी गई, इसकी जांच हो। साथ ही सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

अब देखना यह है कि नगर निगम इस मामले में गुणवत्ता की जांच कराता है या बारिश के बीच हुए निर्माण को महज औपचारिकता मानकर आगे बढ़ जाता है।

खेजड़ा बरामद में अवैध कॉलोनी पर चला निगम का बुलडोजर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी नगर निगम ने गुरुवार को अवैध कॉलोनी विकास और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा ने जोन-16 क्षेत्र में बिना सक्षम अनुमति के विकसित की जा रही कॉलोनी और अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। नगर निगम के अमले ने ग्राम खेजड़ा बरामद में लगभग 2.3 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। यहां सवाई सिंह राजपूत और संतोष मीणा द्वारा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति के बिना कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कॉलोनी में गेट, सड़क सहित अन्य निर्माण कार्य भी किए गए थे। निगम ने जेसीबी की सहायता से इन निर्माणों को हटा दिया।

इसके अलावा अयोध्या बायपास स्थित इंडस मुस्कान कॉलोनी में भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई। यहां एक मकान के आगे किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया।

भारतीय शिल्प और डिजाइन का संगम बनेगा खजाना इंडिपेंडेंस एडिट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय कला, शिल्प और डिजाइन की समृद्ध परंपरा को समर्पित खजाना इंडिपेंडेंस एडिट 2026 का शुभारंभ 14 अगस्त को ताज लेकफ्रंट, भोपाल में होगा। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन खजाना, बेगम्स ऑफ भोपाल और वूमेन एजुकेशन एम्पावरमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक हस्तकलाओं, हस्तनिर्मित उत्पादों, महिला उद्यमियों, शिल्पकारों और समकालीन डिजाइनरों को एक मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी का शुभारंभ सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग शुक्रवार शाम 5 बजे करेंगे। इस दौरान जरी-जरदोजी, मिट्टी के बर्तन और हाथ से चित्रित वस्त्रों के निर्माण का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। 15 अगस्त को प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

स्मार्ट मीटर के बावजूद बिजली चोरी, करोंद में 8.74 लाख का जुर्माना

- मीटर बायपास और सबमीटर के जरिए बिजली आपूर्ति करने पर हुई कार्रवाई
- दो दिन में पकड़े गए दो बड़े मामले, छह महीने में 9 हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में स्मार्ट मीटर और लगातार निगरानी के बावजूद बिजली चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सतर्कता दल ने करोंद क्षेत्र में लगातार दो दिन कार्रवाई कर बिजली चोरी और मीटर में छेड़छाड़ के दो बड़े मामले पकड़े हैं। दोनों मामलों में करीब 8.74 लाख रुपये की बिलिंग और जुर्माना लगाया गया है।

पहला मामला मुरली नगर, करोंद का है। यहां शफीक कुरैशी के कनेक्शन की जांच में स्वीकृत भार तीन किलोवाट के स्थान पर 16.226 किलोवाट लोड पाया गया। जांच में सामने आया कि थ्री-फेज चेंजओवर-कम-सेलेक्टर स्विच के माध्यम से ऊर्जा मीटर को बायपास कर सीधे विद्युत पैनल से बिजली ली जा रही थी। कंपनी ने इस मामले में 2 लाख 92 हजार 868 रुपये की बिलिंग की है।

दूसरी कार्रवाई शांति अपार्टमेंट, करोंद में अब्दुल लतीफ के परिसर में की गई। यहां पांच किलोवाट स्वीकृत भार के मुकाबले 25.44 किलोवाट लोड मिला। जांच में मुख्य मीटर से आगे सबमीटर लगाकर दो दुकानों और 21 किरायेदारों को बिजली आपूर्ति किए जाने की जानकारी सामने आई। इस मामले में कंपनी ने 5 लाख 81 हजार 374 रुपये की बिलिंग की और विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर बिजली आपूर्ति काट दी। कंपनी के अनुसार स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़, न्यूट्रल बायपास और अन्य अनियमितताओं की जानकारी कंट्रोल रूम तक पहुंच रही है। इसके बावजूद चोरी के नए तरीके सामने आ रहे हैं। पिछले छह महीनों में बिजली चोरी और मीटर टैंपरिंग के करीब 9 हजार मामले सामने आए हैं। कंपनी अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए सतर्कता जांच और स्मार्ट मीटर की निगरानी लगातार जारी रहेगी।

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का महापौर मालती राय ने किया शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स परिसर में गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम, हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ महापौर मालती राय ने किया।

उन्होंने कहा कि देशवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी को विभाजन विभीषिका के दुष्परिणामों और उससे मिलने वाले सबक को याद रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं से देशप्रेम, धर्म और संस्कृति के संरक्षण के जज्बे के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि विभाजनकारी साजिशों के कारण देश का बंटवारा हुआ और लाखों लोगों को विस्थापन का सामना करना पड़ा। उन्होंने युवाओं से हर तरह के नशे से दूर रहने की अपील भी की। क्षेत्रीय

शिक्षा संस्थान के प्राचार्य प्रो. शिव कुमार गुप्ता ने युवाओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जुड़ने का आह्वान किया।

पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक मनीष गौतम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत घरों में तिरंगा फहराने और देश को आगे ले जाने का संकल्प लेने की बात कही।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक शारिक नूर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन विभीषिका के दुष्परिणामों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। प्रदर्शनी के शुभारंभ से पहले विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं। प्रदर्शनी 14 अगस्त तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

19वीं बैक टू बेसिक लाइव सर्जिकल वर्कशॉप का 16 को

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे उद्घाटन, देशभर से जुटेंगे ईएनटी विशेषज्ञ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दिव्य एडवांस ईएनटी क्लीनिक की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिव्यशील हेल्थ फाउंडेशन द्वारा 19वीं बैक टू बेसिक लाइव सर्जिकल वर्कशॉप का आयोजन 16 अगस्त को किया जाएगा। जहानुमा पैलेस होटल में सुबह 9:30 बजे से होने वाले राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने बताया कि वर्कशॉप में देशभर से ईएनटी क्षेत्र के विशेषज्ञ और चिकित्सक शामिल होंगे। इसमें ईएनटी से जुड़ी जटिल समस्याओं और आधुनिक सर्जिकल तकनीकों पर चर्चा की जाएगी।

वर्कशॉप में मुख्य रुप से नाक के रास्ते से दिमाग का पानी आने की समस्या की सर्जरी, बच्चों में जन्मजात बधिरता के उपचार के लिए कॉक्लियर एवं कान की सर्जरी, साइनस के इलाज के लिए अत्याधुनिक एफईएसएस तकनीक तथा थायराइड और पैरोटिड ग्रंथि से जुड़ी जटिल सर्जरी पर विशेषज्ञ जानकारी साझा करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से प्रदेश और देश के सैकड़ों ईएनटी चिकित्सकों को आधुनिक सर्जिकल तकनीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही विशेषज्ञों के बीच चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों का आदान-प्रदान होगा।

5 करोड़ की सरकारी जमीन बेचने का आरोप कॉलोनाइजर के पांच निदेशकों पर केस

- ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर, पटेल नगर कॉलोनी की जमीन बिक्री मामले की जांच शुरू
- आरक्षित जमीन की बिक्री मामले में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई
- स्कूल, पार्क और सार्वजनिक उपयोग की जमीन बेचने के आरोप में कॉलोनाइजर कंपनी जांच के घेरे में

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में सरकारी और सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित जमीन की कथित अवैध बिक्री के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने कार्रवाई की है।

ईओडब्ल्यू ने पिपलानी थाना क्षेत्र की पटेल नगर कॉलोनी, रायसेन रोड, हथाईखेड़ा-खजूरी खुर्द में जमीन से जुड़े मामले में कॉलोनाइजर कंपनी मेसर्स गंधर्व लैंड एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के पांच निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

जांच में करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी और आरक्षित जमीन को गलत तरीके से बेचने के आरोप सामने आए हैं। ईओडब्ल्यू ने कंपनी के निदेशक अनुज गोवर, जय प्रताप सिंह यादव, अभिषेक आनंद, मनीष नायक और प्रेमानंद नायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

जांच के अनुसार पटेल नगर कॉलोनी के स्वीकृत नक्शे में स्कूल, पार्क और खुली जगह के लिए जमीन आरक्षित थी। आरोप है कि 27 नवंबर 2024 को स्कूल के लिए आरक्षित करीब 1.212 एकड़ जमीन को अपनी संपत्ति बताकर 3.90 करोड़ रुपये में बेच दिया गया।

मामले में एक बुजुर्ग महिला के प्लॉट से जुड़ा विवाद भी सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 1978 में राशि जमा करने के बाद भी महिला की रजिस्ट्री नहीं की गई और बाद में प्लॉट को अन्य लोगों के पक्ष में बेच दिया गया। जांच में कॉलोनी के कुएं को पाटकर प्लॉट बनाने और मूलभूत सुविधाओं के अधूरे विकास के आरोपों की भी जांच की जा रही है। नगर निगम द्वारा पहले जमीन को लेकर आपत्ति जताई गई थी। ईओडब्ल्यू अब दस्तावेज, रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध और कॉलोनी के स्वीकृत नक्शे सहित अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रहा है।